मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 12

अनुक्रमांक ...........

नाम ...........

901 **801(AE)**

**2022**

**हिन्दी**

समय : तीन घण्टे 15 मिनट ] [ पूर्णांक : 70

**नोट :** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्नपत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं ।

1. क) निम्नलिखित कथनों में से कोई एक कथन सही है, उसे पहचानकर लिखिए : 1

i) 'हिन्दी साहित्य का इतिहास' रामचन्द्र शुक्ल का निबंध-संग्रह है ।

ii) 'आत्मदाह' चतुरसेन शास्त्री का कहानी-संग्रह है ।

iii) 'झूठा-सच' यशपाल द्वारा लिखित प्रसिद्ध नाटक है ।

iv) 'आकाशदीप' जयशंकर प्रसाद का प्रमुख कहानी-संग्रह है ।





ख) निम्नलिखित कृतियों में से किसी एक कृति के रचनाकार का नाम लिखिए : 1

i) 'रस-मीमांसा'

ii) 'त्यागपत्र'

iii) 'कल्पलता'

iv) 'क्या भूलूँ, क्या याद करूँ'

ग) 'जीवनी' विधा की किसी एक रचना का नाम लिखिए । 1

घ) 'परीक्षा-गुरु' किस गद्य-विधा की रचना है ? 1

ङ) 'साहित्यालोचन' के लेखक का नाम लिखिए । 1

2. क) 'तारसप्तक' के किसी एक कवि का नाम लिखिए । 1

ख) 'द्विवेदी-युग' की किन्हीं दो विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 2

ग) 'नयी कविता' की दो प्रमुख विशेषताओं का उल्लेख कीजिए । 2



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

3. निम्नांकित गद्यांशों में से किसी **एक** गद्यांश के नीचे दिये गये प्रश्नों के उत्तर दीजिए : 2 + 2 + 2

क) कुसंग का ज्वर सबसे भयानक होता है । वह केवल नीति और सद्‌वृत्ति का ही नाश नहीं करता, बल्कि बुद्धि का भी क्षय करता है । किसी युवा पुरुष की संगति यदि बुरी होगी, तो वह उसके पैरों में बँधी चक्की के समान होगी, जो उसे दिन-दिन अवनति के गड्ढे में गिराती जायगी और यदि अच्छी होगी तो सहारा देनेवाली बाहु के समान होगी, जो इसे निरन्तर उन्नति की ओर उठाती जायगी ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) गद्यांश के रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) युवा पुरुष की बुरी तथा अच्छी संगति का क्या प्रभाव पड़ता है ?

ख) रोहतास-दुर्ग के प्रकोष्ठ में बैठी हुई युवती ममता, शोण के तीक्ष्ण गम्भीर प्रवाह को देख रही है । ममता विधवा थी । उसका यौवन शोण के समान ही उमड़ रहा था । मन में वेदना, मस्तक में





आँधी, आँखों में पानी की बरसात लिये, वह सुख के कंटक-शयन में विकल थी । वह रोहताश्व दुर्गपति मंत्री चूड़ामणि की अकेली दुहिता थी, फिर उसके लिए कुछ अभाव होना असम्भव था ।

i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

iii) ममता कौन थी और उसकी क्या स्थिति थी ?

4. निम्नांकित पद्यांशों में से किसी **एक** पद्यांश की सन्दर्भ-सहित व्याख्या कीजिए : 2 + 4

क) सुनि सुन्दर बैन सुधारस-साने, सयानी हैं जानकी जानी भली ।
तिरछे करि नैन दै सैन तिन्है समुझाइ कछू मुसकाइ चली ।।
तुलसी तेहि ओसर सोहैं सबै अवलोकति लोचन-लाहु अली ।
अनुराग-तड़ाग में भानु उदै बिगसीं मनो मंजुल कंज-कली ।।



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

ख) जाति-धर्म या सम्प्रदाय का, नहीं भेद-व्यवधान
यहाँ,
सबका स्वागत, सबका आदर, सबका सम
सम्मान यहाँ ।
राम, रहीम, बुद्ध, ईसा का, सुलभ एक सा ध्यान
यहाँ,
भिन्न-भिन्न भव संस्कृतियों के गुण-गौरव का ज्ञान
यहाँ ।

5\. क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी **एक** लेखक का जीवन-परिचय दीजिए एवं उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : 2 + 1

i) जयशंकर प्रसाद

ii) डॉ० भगवतशरण उपाध्याय

iii) रामचन्द्र शुक्ल ।

ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी **एक** कवि का जीवन-परिचय दीजिए तथा उनकी किसी एक रचना का नाम लिखिए : 2 + 1

i) सुरदास

ii) रामनरेश त्रिपाठी

iii) माखनलाल चतुर्वेदी ।





6\. निम्नलिखित संस्कृत-गद्यांश का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए : 1 + 3

दुर्मुख ! द्वितीयः कशाघातः । (दुर्मुखः पुनः ताडयति ।) ताडितः चन्द्रशेखरः पुनः पुनः 'भारतं जयतु' इति वदति । (एवं स पञ्चदशकशाघातैः ताडितः) यदा चन्द्रशेखरः कारागारात् मुक्तः बहिः आगच्छति, तदैव सर्वे जनाः तं परितः वेष्टयन्ति, बहवः बालकाः तस्य पादयोः पतन्ति, तं मालाभिः अभिनन्दयन्ति च ।

**अथवा**

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः ।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग् भवेत् ।।

7\. क) अपनी पाठ्यपुस्तक में से कण्ठस्थ कोई **एक** श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न-पत्र में न आया हो । 2

ख) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए : 1 + 1

i) वाराणसी किमर्थं प्रसिद्धा ?

ii) वीरः केन पूज्यते ?

iii) आरुणि श्वेतकेतुं किम् अकथयत् ?

iv) न्यायाधीशः चन्द्रशेखरं कथम् अदण्डयत् ?



Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

8. क) 'हास्य' रस **अथवा** 'करुण' रस की उदाहरण-सहित परिभाषा दीजिए । 2

ख) 'उपमा' अलंकार **अथवा** 'रूपक' अलंकार की सोदाहरण परिभाषा दीजिए । 2

ग) 'रोला' छन्द **अथवा** 'सोरठा' छन्द की परिभाषा दीजिए और उसका एक उदाहरण दीजिए । 2

9. क) निम्नलिखित उपसर्गों में से किन्हीं **तीन** के मेल से एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1 + 1

i) अ

ii) अधि

iii) अनु

iv) सह

v) अप

vi) सु ।

ख) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रत्ययों का प्रयोग करके एक-एक शब्द बनाइए : 1 + 1

i) पन

ii) ता

iii) आई

iv) हट

v) वा ।





ग) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** के समास-विग्रह कीजिए : 1 + 1

i) राजा-रानी

ii) पंचगंगा

iii) विशेषण-विशेष्य

iv) चतुर्वेद

v) राम-रहीम ।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के तत्सम रूप लिखिए : 1 + 1

i) नाक

ii) पीठ

iii) डण्डा

iv) गोबर

v) हल्दी ।

ङ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : 1 + 1

i) गंगा

ii) घोड़ा

iii) इन्द्र

iv) कुबेर

v) खग ।



StudentSuvidha.com downloaded from
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

10. क) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** में सन्धि-विच्छेद कीजिए और सन्धि का नाम लिखिए : 1 + 1

i) मातृ + आज्ञा

ii) मधु + अरि:

iii) लृ + आदेश:

iv) इति + अत्र ।

ख) निम्नलिखित शब्दों के तृतीया विभक्ति एकवचन में रूप लिखिए : 1 + 1

i) फल **अथवा** नदी

ii) मति **अथवा** मधु ।

ग) निम्नलिखित में से किसी **एक** के धातु, लकार, पुरुष तथा वचन का उल्लेख कीजिए : 2

i) अपठ:

ii) हसिस्याव:

iii) पठेताम् ।

घ) निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए : 1 + 1

i) सीता विद्यालय जाती है ।

ii) हमें वहाँ जाना चाहिए ।

iii) घर के चारों ओर पेड़ हैं ।

iv) बालक खेल रहे हैं ।





11. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए : 6

i) खेलकूद का महत्व ।

ii) स्वच्छता अभियान ।

iii) वर्षा-ऋतु से लाभ ।

iv) भारतीय किसान का जीवन ।

12. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी **एक** का उत्तर दीजिए : 3

क) i) 'तुमुल' खण्डकाव्य के 'मेघनाद का अभियान' खण्ड की कथावस्तु लिखिए ।

ii) 'तुमुल' खण्डकाव्य के आधार पर 'मेघनाद' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ख) i) 'कर्ण' खण्डकाव्य के 'षष्ठ सर्ग' की कथा अपने शब्दों में लिखिए ।

ii) 'कर्ण' खण्डकाव्य के आधार पर 'कर्ण' का चरित्रांकन कीजिए ।



downloaded from StudentSuvidha.com
Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com

ग) i) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के 'प्रस्थान' सर्ग की कथावस्तु लिखिए ।

ii) 'अग्रपूजा' खण्डकाव्य के आधार पर उसके नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

घ) i) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर 'राम' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ii) 'कर्मवीर भरत' खण्डकाव्य के आधार पर तृतीय सर्ग 'कौशल्या-सुमित्रा-मिलन' की कथा अपने शब्दों में लिखिए ।

ङ) i) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य के आधार पर 'भामाशाह' का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ii) 'मेवाड़ मुकुट' खण्डकाव्य की कथा संक्षेप में अपने शब्दों में लिखिए ।

च) i) 'मुक्ति दूत' के आधार पर 'गाँधी जी' का चरित्रांकन कीजिए ।

ii) 'मुक्ति दूत' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग की कथा लिखिए ।





छ) i) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के नायक का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ii) 'जय सुभाष' खण्डकाव्य के 'षष्ठ सर्ग' की कथा अपने शब्दों में लिखिए ।

ज) i) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के आधार पर 'चन्द्रशेखर आजाद' का चरित्रांकन कीजिए ।

ii) 'मातृभूमि के लिए' खण्डकाव्य के द्वितीय सर्ग 'संघर्ष' की कथा लिखिए ।

झ) i) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर जवाहरलाल नेहरू का चरित्र-चित्रण कीजिए ।

ii) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथावस्तु लिखिए ।

**801(AE) - 4,40,000**



downloaded from StudentSuvidha.com

Download all NOTES and PAPERS at StudentSuvidha.com